ज्ञान शान्ति मैत्री

# महात्मा गांधी अन्तरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय, वर्धा

**(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अन्तर्गत स्थापित)**

**फोन-फैक्स : 07152 - 251661, 230903**

## प्रवेश सूचना : 2009-10

विश्वविद्यालय में निम्नलिखित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित हैं :–

**[01] एम.ए. (2 वर्ष ) :** (1) हिन्दी (भाषा प्रौद्योगिकी), (2) हिन्दी (तुलनात्मक साहित्य), (3) हिन्दी (अनुवाद प्रौद्योगिकी) (4) अहिसा एवं शांति अध्ययन, (5) स्त्री अध्ययन, (6) जनसंचार माध्यम एवं सम्प्रेषण, (7) दलित एवं जनजाति अध्ययन, (8) कम्प्यूटेशनल लिंग्विस्टिक्स, (9) नाट्यकला एवं फिल्म अध्ययन (राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय अथवा भारतेन्दु नाट्य अकादमी जैसे राष्ट्रीय महत्त्व के नाट्य अथवा फिल्म संस्थानों से डिप्लोमा प्राप्त अभ्यर्थी बिना लिखित परीक्षा के सीधे साक्षात्कार के लिए बुलाए जाएँगे।)। ***योग्यता:*** किसी भी अनुशासन में 50% अंकों के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से स्नातक (अनु. जाति/जनजाति के लिए 45% )। ***वांछित :*** एम.ए. हिन्दी (अनुवाद प्रौद्योगिकी) के अभ्यर्थियों के लिए अंग्रेजी व हिन्दी का ज्ञान आवश्यक है।

**[02] मास्टर ऑफ इन्फॉरमेटिक्स एन्ड लैंग्वेज इन्जीनियरिंग (एम.आई.एल.ई) (2 वर्ष) :** ***योग्यता:*** अभ्यर्थियों को किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 50% अंकों (अनु. जाति/जनजाति के लिए 45% ) के साथ कम्प्यूटर विज्ञान/भाषा प्रौद्योगिकी में स्नातक उपाधि प्राप्त होना चाहिए। ***[अथवा]*** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 50% अंकों (अनु. जाति/जनजाति के लिए 45% ) के साथ स्नातक और कम्प्यूटर एप्लिकेशन/भाषा प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा प्राप्त होना चाहिए। ***वांछनीय :*** *हिन्दी एवं अंग्रेजी का ज्ञान।*

**[03] मास्टर ऑफ सोशल वर्क (एम.एस.डब्लू.) (2 वर्ष) :** मानविकी/समाजविज्ञानों में 50% अंकों (अनु. जाति/जनजाति के लिए 45% ) के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि।

**[04] एम.फिल. (1 वर्ष ) :** (1) हिन्दी (भाषा प्रौद्योगिकी), (2) हिन्दी (तुलनात्मक साहित्य), (3) हिन्दी (अनुवाद प्रौद्योगिकी), (4) अहिसा एवं शांति अध्ययन, (5) स्त्री अध्ययन, (6) जनसंचार माध्यम एवं सम्प्रेषण। ***योग्यता :*** सम्बद्ध विषय अथवा किसी समवर्गी/सजात अनुशासन में 55% अंकों (अनु. जाति/जनजाति के लिए 50% ) के साथ स्नातकोत्तर उपाधि।

**[05] पी-एच.डी. :** (1) हिन्दी (भाषा-प्रौद्योगिकी), (2) हिन्दी (तुलनात्मक साहित्य), (3) हिन्दी (अनुवाद प्रौद्योगिकी), (4) अहिसा एवं शांति अध्ययन, (5) स्त्री अध्ययन, (6) जनसंचार माध्यम एवं सम्प्रेषण। ***योग्यता :*** सम्बद्ध विषय अथवा किसी समवर्गी/सजात अनुशासन में 55% अंकों (अनु. जाति/ जनजाति के लिए 50% ) के साथ स्नातकोत्तर उपाधि।

**[06] पी-एच.डी. (इन्फॉरमेटिक्स एन्ड लैंग्वेज इन्जीनियरिंग) :** ***योग्यता :*** प्रोग्रामिंग भाषा की जानकारी के साथ किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 55% अंकों (अनु. जाति/जनजाति के लिए 50% ) सहित कम्प्यूटेशनल लिंग्विस्टिक्स/भाषा प्रौद्योगिकी/अनुवाद प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर उपाधि। ***[अथवा]*** किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से भाषाविज्ञान/अनुप्रयुक्त भाषाविज्ञान में 55% अंकों (अनु. जाति/जनजाति के लिए 50% ) सहित स्नातकोत्तर उपाधि के साथ कम्प्यूटर विज्ञान/सूचना प्रौद्योगिकी में उपाधि/डिप्लोमा। ***[अथवा]*** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर विज्ञान/सूचना प्रौद्योगिकी में एम.टेक./एम.सी.ए./एम.एस-सी. या एम.आई.एल.ई. की 55% अंकों (अनु. जाति/जनजाति के लिए 50% ) के साथ उपाधि।

***सूचना :*** *पी-एच.डी. के सिवा उपर्युक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय विभिन्न केन्द्रों (वर्धा, भोपाल, हैदराबाद, दिल्ली, इलाहाबाद, पटना, कोलकाता) पर लिखित परीक्षा संचालित करेगा। लिखित परीक्षा में चयनित सभी अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए वर्धा बुलाए जाएँगे। यदि अभ्यर्थी द्वारा चुने गए केन्द्र पर आवेदकों की संख्या आवश्यक संख्या से कम हुई तो ऐसे केन्द्रों के अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिए वर्धा आना होगा। लिखित परीक्षा/अन्तरक्रियात्मक सत्र/सामूहिक चर्चा/साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा। पी-एच.डी. के लिए लिखित परीक्षा, अन्तरक्रियात्मक सत्र/सामूहिक चर्चा और साक्षात्कार का संचालन वर्धा केन्द्र पर ही किया जाएगा। डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कोई लिखित परीक्षा नहीं होगी।*

- विवरणिका सहित आवेदन प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि *(सोमवार से शुक्रवार सभी कार्यदिवसों पर)* : *15 अप्रैल, 2009 (बुधवार) से*
- आवेदन प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि : *31 मई, 2009 (रविवार)*
- लिखित प्रवेश परीक्षा की तिथि (एम.ए/एम.फिल. पाठ्यक्रम) : *14 जून, 2009 (रविवार)*
- एम.ए. साक्षात्कार की तिथि (वर्धा) : *07 एवं 08 जुलाई, 2009 (मंगल., बुधवार)*
- एम.फिल. साक्षात्कार की तिथि (वर्धा) : *10 एवं 11 जुलाई, 2009 (शुक्र., शनिवार)*
- पी-एच.डी. लिखित परीक्षा की तिथि (वर्धा) : *15 जुलाई, 2009 (बुधवार)*
- पी-एच.डी. अन्तरक्रियात्मक सत्र/सामूहिक चर्चा की तिथि (वर्धा) : *30 एवं 31 जुलाई, 2009 (गुरु., शुक्रवार)*
- पी-एच.डी. साक्षात्कार की तिथि (वर्धा) : *01 अगस्त, 2009 (शनिवार)*

*आवेदन प्रपत्र के साथ विवरणिका अधोलिखित पते पर* ***'महात्मा गांधी अन्तरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय'*** *के हित में, वर्धा में देय, रु.250/- (डाक व्यय सहित) का डी.डी. भेजकर या रु.200/- का नकद भुगतान कर प्राप्त की जा सकती है। अनु. जाति/जनजाति तथा विकलांग कोटियों से सम्बद्ध अभ्यर्थी रु.150/- (डाक व्यय सहित) का डी.डी. भेजकर या रु.100/- का नकद भुगतान कर आवेदन प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। एक से अधिक पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को हर पाठ्यक्रम के लिए अलग डी.डी. जमा करना होगा। आवेदन प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट* **www.hindivishwa.org** *पर भी उपलब्ध है। डाउनलोड किए गए आवेदन प्रपत्र को जमा करते समय सामान्य कोटि से सम्बद्ध अभ्यर्थियों को रु.200/- का डी.डी. तथा अनुसूचित जाति/जनजाति और विकलांग कोटियों से सम्बद्ध अभ्यर्थियों को रु.100/- मात्र का डी.डी. संलग्न करना होगा।*

***आवेदन प्रपत्र प्राप्ति/जमा करने का पता :–***

*उप कुलसचिव (अकादमिक), महात्मा गांधी अन्तरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय*
*मानस मन्दिर पोस्ट ऑफिस, पंचटीला, वर्धा–442001 (महाराष्ट्र)*

***कुलसचिव***